PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



सेंटर पर एग्जाम देते स्टूडेंट.

# 186 कैंडिडेट ने छोड़ा यूपीकैटेट एग्जाम

## एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए 6 सेंटर पर हुआ एग्जाम

### सीएसए के रजिस्ट्रार ने किया सेंटर्स का निरीक्षण

**KANPUR (11 June):** सिटी के छह सेंटर्स पर ट्यूजडे को यूपी कंबाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपीकैटेट) हुआ. यूपी की पांच एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज (स्टेट यूनिवर्सिटी) में एडमिशन के लिए होने वाले एग्जाम में मंडे को 186 स्टूडेंट्स ने एग्जाम छोड़ दिया. टोटल 3330 में से 3144 कैंडीडेट्स एग्जाम में शामिल हुए. सीएसए रजिस्ट्रार पीके उपाध्याय ने टीम के साथ एग्जाम सेंटर्स का निरीक्षण किया. एग्जाम देकर निकले कैंडीडेट्स ने फिजिक्स और केमिस्ट्री के क्वेश्चंस को कठिन बताया.


### मॉडरेट रहा पेपर

स्टूडेंट्स ने पेपर को मॉडरेट बताया. कुछ स्टूडेंट्स ने फिजिक्स तो कुछ ने फिजिक्स और केमिस्ट्री दोनों को कठिन बताया. इसके अलावा बायो और मैथ्स के सवालों को मीडियम बताया गया. ओवरआल स्टूडेंट्स का कहना था कि पेपर मॉडरेट था.

### पीजी और पीएचडी का एंट्रेंस आज

सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया की ट्यूसडे को पीजी/ पीएचडी के 902 कैंडीडेट्स सिटी के दो एग्जाम सेंटर्स पर एग्जाम देंगे, जिसमें जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर और कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर हैं. एग्जाम सुबह नौ से 12 तक की शिफ्ट में होगा. विकास नगर स्थित सेंटर में सेकेंड शिफ्ट में दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक एमबीए में एडमिशन के लिए एग्जाम होगा. इस बार यूपी कैटेट 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी मेरठ की ओर से कराया जा रहा है. एंट्रेंस क्लियर करने वालों को कानपुर, अयोध्या, मेरठ, बांदा और कुशीनगर स्थित स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के यूजी, पीजी और पीएचडी कोर्स में एडमिशन मिलता है.

### ट्रिकी आए थे क्वेश्चन



फिजिक्स के क्वेश्चन आसान नहीं थे. वह ट्रिकी आए थे. इसके अलावा केमिस्ट्री के कुछ क्वेश्चन घुमावदार थे. पेपर को आसान नहीं बोल सकते.

सौरभ वर्मा, बाराबंकी



फिजिक्स और केमिस्ट्री के क्वेश्चंस कठिन थे. इसके अलावा ओवरआल पेपर को साल भर तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए बनाया गया था.

आर्या पवार, सहारनपुर

दैनिक
email: shahardayaranews@gmail.com
# शहर दायरा न्यूज
हिन्दी/अंग्रेजी द्विभाषीय
https://www.facebook.com/shahardayaranews/
वर्ष 9 अंक: 291 | कानपुर, बुधवार 12 जून 2024 | पृष्ठ: 8 | मूल्य-2.00 ₹

# यूपी कैटेट 2024 स्नातक प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**शहर दायरा न्यूज**

**कानपुर।** सीएसए के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा 11 जून 2024 को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई कुलसचिव डॉक्टर उपाध्याय ने कहा कि स्नातक प्रवेश परीक्षा कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई ।जिसमें 3330 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3144 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी कानपुर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे उन्होंने बताया कि कानपुर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.41त्न रहा जबकि 22.59त्न परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही इस दौरान विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया की 12 जून 2024 को पीजी/ पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे कानपुर मे जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर में (902) परीक्षार्थी प्रात: 9ः00 से 12ः00 तक परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर में ही द्वितीय पाली में 3ः00 से 5ः00 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा कराया जा रहा है

अंक-103 कानपुर, बुधवार 12 जून 2024 पृष्ठ-8

निक

# आज का कानपुर

काशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बादा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

# कृषि वैज्ञानिकों की विषय वार वार्षिक समीक्षा प्रारंभ




**आज का कानपुर**

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि आज सश्य विज्ञान,कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023 ट्24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य योजना बनाने पर विशेष बल दिया गया। जिससे जनपद के किसान अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हों।इस अवसर पर सह निदेशक प्रसार डा.पीके राठी, डॉक्टर वी के कनौजिया, डॉक्टर बी के वर्मा, डॉक्टर करम हुसैन एवं डॉ एस एल वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 239
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
बुधवार | 12 जून, 2024

# यू.पी.कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा छह केंद्रों पर हुई संपन्न




**जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा**

कानपुर नगर। यू.पी.कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा मंगलवार को कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुयी ।चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि स्नातक प्रवेश परीक्षा मे 3330 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3144 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी व परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कानपुर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का 94.41 प्रतिशत व अनुपस्थित छात्र प्रतिशत 22.59 प्रतिशत रहा।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया। डॉ.खलील खान ने बताया कि 12 जून 2024 को पीजी/पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर व कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर में ही द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 । अंक: 239
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
बुधवार । 12 जून, 2024

# वैज्ञानिकों द्वारा बैठक में की गई गहन समीक्षा




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसके क्रम में मंगलवार को सश्य विज्ञान, कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई। निदेशक प्रसार डॉ.आरके यादव ने बताया कि समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023 -24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य योजना बनाने पर विशेष बल दिया गया।

जिससे जनपद के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों सके। इस अवसर पर सह निदेशक प्रसार डा.पीके राठी, डॉं.वी के कनौजिया, डॉ.बी के वर्मा, डॉ.करम हुसैन एवं डॉ.एस एल वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।

1/12
अमर भारती
एक उम्मीद
स्करण
ल्य: 03 रु. RNI No. UPHIN/2011/46455 www.amarbharti.com बुधवार, 12 जून 2024 शक सम्वत्

# कृषि वैज्ञानिकों की विषय वार वार्षिक समीक्षा प्रारम्भ

**कानपुर।** सीएसए के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि आज सश्य विज्ञान,कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया।

**दैनिक जागरण,12/06/2024**

# भौतिकी के सवालों ने उलझाया, 186 ने छोड़ी परीक्षा

**यूपी कैटेट**

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं तकनीकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) शहर के छह परीक्षा केंद्रों पर हुई। पहले दिन 3,144 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि भौतिकी के सवाल थोड़े जटिल थे।

सीएसएवि के कुलसचिव डा. पीके उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा में 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कानपुर के छह परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.41 रहा। जबकि 22.59 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 3,330 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। 3,144 ने परीक्षा दी और 186 अनुपस्थित रहे।

**आज दो केंद्रों पर परीक्षा :** मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि बुधवार को परास्नातक व पीएचडी के 902 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे इनके लिए दो परीक्षा केंद्र जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज विकास नगर और कैलाश सरस्वती इंटर कालेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर बनाए गए हैं। यहां सुबह नौ से 12 बजे तक परीक्षा होगी। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कालेज विकास नगर में दूसरी पाली तीन बजे एमबीए पाठ्यक्रम के लिए 103 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।



स्वरूप नगर स्थित कानपुर विद्या मंदिर महिला इंटर कालेज से यूपी कैटेट की परीक्षा देकर आते परीक्षार्थी, शहर में छह केंद्रों पर परीक्षा का हुआ था आयोजन • जागरण




प्रतिशत परीक्षार्थियों की रही उपस्थिति

**3,144** ने शहर के छह केंद्रों पर दी परीक्षा

**3,330** परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे

निक
# आज का कानपुर
काशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बादा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

## यूपी कैटेट 2024 स्नातक प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**आज का कानपुर**

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा आज दिनांक 11 जून 2024 को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। कुलसचिव डॉक्टर उपाध्याय ने कहा कि स्नातक प्रवेश परीक्षा कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई ।जिसमें 3330 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3144 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। कानपुर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।उन्होंने बताया कि कानपुर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.41त्र रहा। जबकि 22.59त्र परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही इस दौरान विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से केंद्रों का निरीक्षण कर सारे प्रबंधों का जायजा लिया। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया की दिनांक 12 जून 2024 को पीजी/ पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे। कानपुर मे जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर में (902) परीक्षार्थी प्रात: 9:00 से 12:00 तक परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर कानपुर में ही द्वितीय पाली में 3:00 से 5:00 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा कराया जा रहा है ।

## गर्मी से हृदय

**आज का कानपुर**

कानपुर-गर्मी से हृदय का विद्युत प्रवाह बिगड़ रहा है गर्म खून हृदय में पहुंचने से कंडक्शन सिस्टम प्रभावित हो रहा है तापमान के लगातार 43 डिग्री सेल्सियस पार रहने का असर हृदय के विद्युत प्रवाह पर पड़ रहा है गर्मी के कारण शरीर का ताप बढ़ता है इससे गर्म खून जब हृदय के अंदर पहुंचता है तो इसका कंडक्शन सिस्टम प्रभावित हो रहा है इससे विद्युत प्रवाह कभी तेज,? कभी सुस्त और कभी अटकने लगता है, इसका सीधा असर धड़कन पर आ रहा है इसे इरिदमिया कहते हैं एलपीएस

# पहले गर्मी फिर फिजिक्स ने छुड़ाया पसीना

## यूपी कैटेट : केमिस्ट्री के प्रश्नों ने भी सिर घुमाया, गणित का पेपर लगा सामान्य, छह केंद्रों पर 22 फीसदी ने छोड़ी परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। शहर के छह केंद्रों पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें पहले गर्मी और फिर फिजिक्स के सवालों ने छात्रों के पसीने छुड़ाए। केमिस्ट्री के प्रश्नों ने भी सिर घुमाया। हालांकि कुछ छात्रों ने इसे सरल बताया। वहीं छात्रों को गणित का पेपर सामान्य लगा। करीब 22 फीसदी छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी।

यूपी कैटेट 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मेरठ की ओर से कराया जा रहा है। इससे कानपुर, अयोध्या, मेरठ, बांदा और कुशीनगर स्थित राज्य कृषि विवि में यूजी, पीजी और पीएचडी कोर्स में दाखिला मिलता है। शहर के छह केंद्रों पर यूपी के पांच कृषि विवि में दाखिले के लिए होने वाले यूपी कैटेट स्नातक परीक्षा में 3330 परीक्षार्थी शामिल होने थे। मंगलवार को इनमें से 186 ने परीक्षा छोड़ दी। सीएसए रजिस्ट्रार पीके उपाध्याय ने टीम के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।




कानपुर विद्या मंदिर में यूपी कैटेट की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। संवाद

तपती, चिलचिलाती धूप में परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने फिजिक्स और केमिस्ट्री के प्रश्नों को काफी कठिन बताया। छात्रों का कहना है कि पिछले कुछ सालों के मुकाबले फिजिक्स का पेपर काफी कठिन आया। वहीं, छात्रों को गणित सामान्य लगी। हालांकि कुछ छात्रों ने केमिस्ट्री के पेपर को भी आसान कहा, लेकिन सभी को फिजिक्स काफी कठिन लगी।


**पीजी और पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आज:** सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया की मंगलवार को पीजी/ पीएचडी के 902 अभ्यर्थी शहर के दो केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा देंगे। इसके लिए जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकासनगर कानपुर और कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक होगी। इसके अलावा विकासनगर स्थित सेंटर में दूसरी पाली में दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक एमबीए में दाखिले के लिए परीक्षा होगी।

### फिजिक्स में थे उलझाऊ सवाल



फिजिक्स के प्रश्नों ने सिर चकरा दिया। काफी उलझाऊ सवाल थे। इसके अलावा केमिस्ट्री के कुछ सवाल काफी घुमावदार थे। - शोभित कुमार, कल्याणपुर

### परीक्षा में गर्मी ने किया परेशान



अयोध्या से आकर परीक्षा देना स्वयं एक बड़ी परीक्षा थी। गर्मी ने परेशान किया, वहीं, फिजिक्स के सवाल देखकर हालत और खराब हो गई। - अंशुमान अयोध्या

हिंदुस्तान 12/06/2024

# फिजिक्स-मैथ्स ने छुड़ा दिया पसीना

कानपुर। पांच कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक (यूजी), परास्नातक (पीजी) और पीएचडी कोर्सों में प्रवेश परीक्षा यूपी कैटेट 2024 के पहले दिन मंगलवार को 3330 को परीक्षा देनी थी। 186 छात्रों ने यह परीक्षा छोड़ दी। स्नातक के चार समूह में अलग-अलग प्रश्नपत्र आए। इनमें छात्रों को फिजिक्स व मैथ्स के पेपरों ने परेशान किया। यूपी कैटेट शहर के छह सेंटरों जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज पनकी, सेठ मोतीलाल खेड़िया एसडी इंटर कॉलेज विष्णुपुरी, वीएसएसडी कॉलेज, कानपुर विद्या मंदिर महिला इंटर कॉलेज और शिवाजी इंटर कॉलेज में हुई।

राष्ट्रीय
सहारा
कानपुर • बुधवार • 12 जून • 2024

# कृषि वैज्ञानिकों ने
# की वार्षिक समीक्षा

पुर (एसएनबी)। चंद्रशेखर आजाद एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर सार निदेशालय में विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार निकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। निदेशक प्रसार डॉ.आरके यादव ने या कि आज सश्य विज्ञान, कृषि यंत्रण व पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई । क्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 3-24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 4-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण । जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के नों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य ना बनाने पर विशेष बल दिया गया। से जनपद के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों। इस अवसर पर सह

लम्बे अर्से के बाद जबरजस्त
धाड, एक्शन रोमांस एवं
ुर गीतों से भरपूर फिल्म
श जाल
ार्मा एवं काजल यादव आदि।

ONDITIONED
TAL SOUND
AL PICTURE
ता. 7 से
भव्य उदघाटन



DOLBY
IGITAL
JBL PROFESSIONAL
ZER PROJECTOR
ता. 07 से
शानदार प्रदर्शन
- में


नी, किरण करमकर, दिव्या सेठ, राजेन्द्र नाथ

NDITIONED
LL, KANPUR
DOLBY DIGITAL
UFO PICTURE
7 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन


त्यराज, अनय कामत आदि
तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

DOLBY
DIGITAL
JBL PROFESSIONAL
DIGITAL PICTURE
शो


ल देव, निरोशा राधा, अनंतिका सनिलकुमार
तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

## कृषि वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा बैठक

कानपुर, 11 जून। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि आज सश्य विज्ञान,कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई । समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023-24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य योजना बनाने पर विशेष बल दिया गया।

देन से कोई वास्ता व सरोकार न ह
और न ही मेरे परिवार का होगा। **अब**
**हन्नान** निवासी म. नं. 83/140 ए
कालोनी कानपुर नगर। के.950

सूचना–मैंने अपने पुत्र शोएब व
श्रीमती आफरीन पत्नी मो. साहिल
से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल
अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिय
आज के बाद से दोनों के कृत्यों ,
देन से कोई वास्ता व सरोकार न ह
और न ही मेरे परिवार का होगा। **सब**
पुत्र अब्दुल हन्नान 83/140 ए
कालोनी कानपुर नगर हाल पत
दहेली सुजानपुर सन्दीप नगर कान
के.95

सूचना–सर्वसाधारण को सूचित कि
जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का
मायरा कपूर से बदलकर माया क
( Maeya Kapoor ) कर दिया है उ
दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है अब
मुझे मेरे सही नाम माया क
(Maeya Kapoor) से जाना
पहचाना जाए। **अतुल कपूर** पुत्र
जुगुज किशोर कपूर फ्लेट 5
रमणिका अपार्टमेंट स्वरूप न
कानपुर नगर उ.प्र.

सूचना–मैंने अपने पुत्र विकास कटि
व पुत्रवधू मन्जू कटियार को उ
गलत व्यवहार के कारण अपनी चल
अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिय
उनके किसी कृत्य की मेरी व
जिम्मेदारी न होगी। **बादाम**
**कटियार** मिनी एल आई जी जरौली
कानपुर। के.9485

सूचना–मैंने अपने पुत्र सुधीर उर्फ
से सारे सम्बन्ध उसके बात व्यवहार
व्यथित होकर समाप्त कर अपनी
अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया
वो अपने कार्यो व लेन देन का
जिम्मेदार होगा। **भोजराज** पुत्र गिरध
4/278 डी– 62, मन्नीपुरवा था
कोहना, कानपुर।

वैधानिक चेतावनी–सुधी पाठकों को सू
एवं भाव बोध स्वयं जाँचकर प्रयोग में ल

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बुधवार • 12 जून • 2024



उप्र की जनता ने इस चुनाव में नफर
खिलाफ जमकर वोट दिया।

कानपुर।

## यूपी कैटेट स्नातक प्रवेश परीक्षा

# 186 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित






यूपी कैटेट की परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर निकलते परीक्षार्थी। फोटो : एसएनबी

- इस बार मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विवि ने करायी है परीक्षा
- पीजी, पीएचडी और एमबीए

परीक्षा केंद्रों पर 3144 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इस दौरान 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि स्नातक प्रवेश का प्रतिशत 94.41 प्रतिशत रहा, जबकि 5.59 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज (वीएसएसडी) नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप इंटर कॉलेज विकास नगर और कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर को केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थी प्रातः 9 से 12 बजे तक परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में ही द्वितीय पाली

आज 12/06/2024

# यूपी कैटेट-2024 : 186 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

कानपुर, 11 जून। मंगलवार को शहर के छह परीक्षा केंद्रों पर यूपी कैटेट-2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई, जिसमें स्नातक प्रवेश परीक्षा कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर 3330 परीक्षार्थियों में से 3144 परीक्षार्थी शामिल हुए। शहर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीएसए के कुलसचिव डा. पी. के. उपाध्याय ने बताया कि शहर में प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.41 प्रतिशत रहा। जबकि 22.59 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही इस दौरान विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज नवाबगंज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बतायाकि 12 यानि बुधवार को पीजी/पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे। शहर में जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर में (902) परीक्षार्थी प्रातः 9 से 12 तक परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में ही द्वितीय पाली में 3 से 5 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। इस वर्ष यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा- 2024 का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा कराया जा रहा है।

सूर्यास्त 07.00 | कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 15 अंक : 339 | कानपुर, बुधवार 12 जून 2024 | नगर संस्करण | पृष्ठ 12 | मूल्य : 2.00 रुपए

न्यूनतम 32.0°

74,745

90,500

# राष्ट्रीय स्वरूप

triyaswaroop.in



आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर ... 10

में एक और नगीना है।

# कृषि वैज्ञानिकों की विषय वार वार्षिक समीक्षा प्रारम्भ

कानपुर । सीएसए के प्रसार निदेशालय में विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत विषय वार वैज्ञानिकों की वार्षिक समीक्षा प्रारंभ हो गई है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि आज सश्य विज्ञान,कृषि अभियंत्रण तथा पादप प्रजनन एवं अनुवांशिकी विषय के वैज्ञानिकों की गहन समीक्षा हुई । समीक्षा बैठक में सभी वैज्ञानिकों ने वर्ष 2023 द्व24 की वार्षिक प्रगति एवं आगामी वर्ष 2024–25 की कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें वैज्ञानिकों को जनपद के कृषकों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य योजना बनाने पर विशेष बल दिया गया। जिससे जनपद के किसान अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हों इस अवसर पर सह निदेशक प्रसार डा.पीके राठी, डॉक्टर वी के कनौजिया, डॉक्टर बी के वर्मा, डॉक्टर करम हुसैन एवं डॉ एस एल वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।